दिनांकः 28.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर से प्रदेश को 16 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे–बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी. टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और आर्थिक सुधारों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है।
- प्रदेश में अगले साल सवा लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी होगा–मुख्यमंत्री ने विधानसभा में तीन शहरों के नाम बदले जाने की घोषणा की।
- होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में फागोत्सव की धूम–हाईकोर्ट में 4 मार्च को भी अवकाश घोषित।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर से राज्य के लिए 16 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एच.पी.वी. टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे। इस कार्यक्रम का लक्ष्य एक करोड़ 15 लाख बालिकाओं का टीकाकरण करना है। यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कायड़ विश्राम स्थली पर होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, बांदीकुई से जयपुर के बीच ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे और अमृतसर–जामनगर तथा दिल्ली–वड़ोदरा एक्सप्रेस–वे के विभिन्न खंडों का उद्घाटन करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

......................

प्रधानमंत्री के कायड़ विश्राम स्थली में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए समूचे जिले में कानून व्यवस्था और आगन्तुकों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए गेगल से किशनगढ़ के बीच आज सुबह से कई स्थानों पर यातायात का डायवर्जन किया गया है। इससे पहले, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देर रात कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

......................

भारतीय चिकित्सा संघ–आईएमए ने देशभर में 14 वर्ष तक की किशोरियों को मुफ्त एचपीवी टीकाकरण उपलब्ध कराने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा कि यह पहल सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और देश की लाखों महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल जैसलमेर के पोकरण में भारतीय वायु सेना के 'वायु शक्ति–2026' अभ्यास का अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन की सराहना की और आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती रक्षा ताकत के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सेना की बहादुरी, समर्पण और पेशेवर उत्कृष्टता और उम्दा युद्धाभ्यास की प्रशंसा की। श्रीमती मुर्मू के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी मौजूद रहे।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार के दो साल के कार्यकाल में पक्के इरादे–ठोस नीतियां और काम ज्यादा–समय आधा के लक्ष्य पर काम हुआ है। कल विधानसभा में वित्त तथा विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और आर्थिक सुधारों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है।

.....................

मुख्यमंत्री ने अगले साल प्रदेश में सवा लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि आगामी वर्ष गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद में डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। श्री शर्मा ने प्रदेश के तीन शहरों के नाम भी बदलने की घोषणा भी की। माउंट आबू अब 'आबू राज', के नाम से जाना जाएगा।

वहीं जहाजपुर 'यज्ञपुर' और कामां का नाम अब 'काम वन' होगा। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण देने के लिए जयपुर में बनाये जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग के लिए साढे 400 करोड़ रुपये जारी किये जाने की बात कही। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के विकास के लिए 9 हजार 200 करोड़ रुपये, स्कूलों की आधारभूत संरचना की मजबूती के लिए 2 हजार करोड़ रुपये, वीबी जी राम जी योजना के तहत 4 हजार करोड़ रुपये दिये जाने की घोषणा की। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में 150 रुपये मासिक की बढोतरी किये जाने का भी ऐलान किया।

.....................

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा है कि राजस्थान, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कल जयपुर में राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिभाओं को सीखने और खुद को आगे बढ़ाने के कई अवसर मिल रहे हैं। श्री राठौड़ ने आयोजन के लिए आर्मेनिया सरकार का आभार जताते हुए कहा कि युवा स्टार्टअप संचालकों को मुश्किल दौर में लक्ष्य को केन्द्रित रखते हुए कभी हार नहीं माननी चाहिए। सत्र में आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वहागन आफ्यान ने उनके देश की सूचना प्रौद्योगिकी में उपलब्धि और भारत सरकार के सहयोग पर प्रकाश डाला।

.....................

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ प्रदेशभर में फागोत्सव की धूम बनी हुई है। ब्रज से लगते क्षेत्रों के साथ ही शेखावाटी, वांगड़, मारवाड़ और दूसरे अंचलों में भी पारम्परिक रूप से होली का उल्लास बना हुआ है। सरहदी जिले जैसलमेर में अराध्य देव लक्ष्मीनाथ जी के साथ होली खेलने की परम्परा निभाने के साथ ही गेर भी खेली जा रही हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.....................

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की सभी अदालतों में 4 मार्च को भी अवकाश घोषित किया है। इससे पहले होली पर 2 और 3 मार्च की छुट्टी ही तय थी। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार शिवानी सिंह ने नया नोटिफिकेशन जारी कर धुलंडी का अवकाश अब 4 को भी कर दिया गया है। इस तरह होली की छुट्टियां 2 से 4 मार्च तक रहेंगी।

.....................

प्रदेश में फागुनी बयार के बीच तापमान में बढोतरी होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। वहीं सुबह–शाम के समय हल्की ठंड जारी रह सकती है। विभाग ने बताया कि बीते 24 घंटों में राज्य में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज हुआ। सर्वाधिक 35 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर आज बादल छाये रहने और बूंदाबांदी से मौसम सुहावना बना हुआ है। भरतपुर में रिमझिम बरसात से रबी फसल को लेकर किसानों में चिंता देखी जा रही है।

.....................